दिनांकः 06.11.2026 समय: 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

ई-वेस्ट के सुरक्षित संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण के लिए प्रदेश में जागरूकता और संग्रहण अभियान-2026 शुरू किया गया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर स्थित राजस्थान □टरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण विभाग की ओर से यह अभियान एक से सात नवंबर तक आयोजित ब्रिक्स सस्टेनेबल ला□फस्टा□ल वीक-2026 के तहत चलाया जा रहा है। □सका उद्देश्य आमजन, सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक □का□यों को ई-वेस्ट के जिम्मेदार प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान कंप्यूटर, मोबा□ल फोन, घरेलू, ऑडियो-वीडियो और चिकित्सा उपकरणों सहित अनुपयोगी □लेक्ट्रॉनिक सामान □कट्ठा किया जाएगा। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अभियान के दौरान लोगों को ई-वेस्ट का सही समय और सही तरीके से निस्तारण करने के प्रति जागरुक किया जाएगा।

000

कोटा-बूंदी न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अगले साल अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में □सके निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी काम गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 20 लाख होगी।

000

राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत युवा संवाद-अपना वोट जानें' अभियान 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित 536 युवा संवाद कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से □स अभियान का आयोजन किया। □सके तहत एक लाख से अधिक युवाओं तक पहुंच बनाई गई और पांच सौ से अधिक युवा हस्तियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में चुनावी

जागरूकता पर संवाद आयोजित किए गए। □नमें विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

000

धनतेरस के साथ ही प्रदेश में दीपोत्सव का आगाज हो गया है। बाजारों में सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, वाहन, □लेक्ट्रॉनिक उत्पाद और कपड़ों की जमकर खरीदारी हो रही है। जयपुर में नए वाहन खरीदने वाले लोग मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में वाहनों पर स्वास्तिक बनाकर सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की जा रही है। व्यापारी नए बही-खातों का पूजन कर व्यापार में उन्नति की प्रार्थना कर रहे हैं। पाली के प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में 5 हजार 1 सिक्कों का विशेष पूजन किया जा रहा है।

□न सिक्कों को दीपावली पर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। जैसलमेर में लक्ष्मीनाथ मंदिर और प्रमुख बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। बाड़मेर, सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ़ में भी बाजारों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। आयुर्वेद चिकित्सालयों में भगवान धन्वंतरि की जयंती पर पूजा-अर्चना की जा रही है। □स बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से दीपावली पर वोकल फोर लोकल के संकल्प को अपनाने की अपील की है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और प्रदेश के कारीगरों तथा छोटे उद्यमियों के आत्मनिर्भरता के सपनों को नई उड़ान देने का आह्वान किया है।

वहीं राजधानी जयपुर में आज से गोवर्धन पूजा तक यानी 9 नवम्बर तक आमजन को पार्किंग की उपलब्धता और यातायात की ला□व जानकारी क्यूआर कोड और वेबलिंक के माध्यम से मिलेगी। □सके लिए यातायात पुलिस की ओर से वेबलिंक जारी किया गया है। नो-पार्किंग और मुख्य मार्गों पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ ड्रोन और कैमरों से निगरानी कर चालान की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से निजी वाहनों के बजाय नजदीकी मेट्रो स्टेशन और निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने की अपील की है।

000